Indian Red Cross Society

SERVICE TO HUMANITY



बृजेश पाठक

उपमुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश सरकार

शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि इंडियन रेडक्रॉस जिला शाखा गौतम बुद्ध नगर द्वारा जनपद में किये जा रहे जनहित के कार्यों का उल्लेख करते हुए एक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा गौतम बुद्ध नगर द्वारा जनपद में रक्तदान शिविरों का आयोजन, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, राहत सामग्री का वितरण, टीवी मुक्त भारत के सपने को साकार करने में अपनी भूमिका, गरीब एवं महिला कैदियों को हाइजीन किटों के वितरण के साथ ही बाद पीड़ितों की सहायता, दुर्घटनाग्रस्त लोगों की सहायता एवं यथा आवश्यकता रक्त्त की उपलब्धता कराने के कार्य किये जाते हैं। पत्रिका के प्रकाशन से इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा गौतम बुद्ध नगर द्वारा किये जा रहे कार्य की जानकारी जनपद के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित जनसमाज को सुझनता से हो सकेगी तथा जरूरतमंद व्यक्तियों को इसका समुचित लाभ प्राप्त हो सकेगा।

मैं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा गौतम बुद्ध नगर द्वारा प्रकाशित पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

(बृजेश पाठक)

मानवता की सेवा
हमारा संकल्प